University in News on 01 June 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

प्रवेश के लिए आवेदन तिथि 30 तक बढ़ी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी और पीजी के लिए जारी की सूचना

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 30 जून तक प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। अभी तक स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित थी। इसमें अब एक माह तक और आवेदन का मौका है।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 29 मार्च और परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए 7 अप्रैल से आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू की थी। पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि 10 जून तय की थी। कुलपति प्रो. आलोक राय ने छात्र हित में निर्णय लेते हुए यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन फॉर्म भरे जाने की तिथि बढ़ा दी है।

ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने सीयूईटी में आवेदन नहीं किया है और वह लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके लिए फॉर्म भरने का बेहतर अवसर है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं। अलग-अलग पाठ्यक्रमों का आवेदन शुल्क व अन्य सभी जरूरी सूचनाएं विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। समस्या आने पर अभ्यर्थी 0522-4150500 पर संपर्क कर सकते हैं। यहां यूजी स्तर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों में 4250 और पीजी के कोर्सों में 5062 सीटें हैं। इसके अलावा कई डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स भी हैं।

NBT PAGE 2

मिशन ऐडमिशन | पहले 31 मई तय थी यूजी-पीजी कोर्सों में आवेदन की तारीख

LU में दाखिले के आवेदन अब 30 जून तक

एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

एलयू ने सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। स्टूडेंट यूजी, यूजी प्रफेशनल, पीजी, पीजी मैनेजमेंट, बीपीएड, एमपीएड, एमएड, बी लिब और एम लिब में दाखिले के लिए अब 30 जून तक विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के ऐडमिशन पेज पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि स्टूडेंट एलयू के ऐप पर भी आवेदन कर सकते हैं।

दाखिले के आवेदन से पहले हर अभ्यर्थी को लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (एलयूआरएन) पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इस पंजीकरण का लिंक भी ऐडमिशन पेज पर है। एलयू प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कोई असुविधा होने पर स्टूडेंट हेल्पलाइन नंबर- 0522-4150500 से मदद ले सकते हैं।

अब सिर्फ आठ ग्रुप: एलयू के स्नातक कोर्सों में पहले सब्जेक्ट के 11 ग्रुप थे। अब ये ग्रुप घटाकर आठ कर दिए गए हैं। स्टूडेंट हर ग्रुप से एक ही सब्जेक्ट चुन सकते हैं।

कॉलेजों से मांगा ब्योरा: केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के लिए एलयू प्रने सहयुक्त कॉलेजों से भी ब्योरा मांगा है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह के मुताबिक कॉलेजों को प्रक्रिया के तहत प्रवेश के लिए सहभागिता शुल्क जमा कराना होगा।

4250 सीटें है यूजी और यूजी प्रफेशनल कोर्सों में विवि में

4532 सीटें हैं पीजी कोर्सों में

आवेदन शुल्क

कोर्स	सामान्य	OBC SC-ST, दिव्यांग
यूजी	800	400
बीबी, बीसीए	1000	500
डीफार्मा	1000	500
बीएलएड	1600	800
पीजी, एलएलएम, एलएलबी	1000	500
पीजी मैनेजमेंट, एमएड, एमपीएड, बीपीएड	1600	800

नगर निगम डिग्री कॉलेज में 15 जून तक आवेदन

इस्माईलगंज के सुरेंद्रनगर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज ने भी दाखिले के आवेदन की आखिरी तारीख 31 मई से बढ़ाकर 15 जून तक दी है। स्टूडेंट www.abvnndc.in पर 200 रुपये शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य डॉ. सुभाष चन्द्र पांडेय ने बताया कि बीए में 176 सीटें हैं। हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अर्थशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीति शास्त्र, अरब कल्चर और उर्दू में पहले आओ और पहले के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, बीकॉम की 88 सीटों पर इंटर की मेरिट के आधार पर प्रवेश होंगे।

HINDUSTAN PAGE 6

यूजी में सामान्य-ओबीसी के लिए 800 और एससी-एसटी व दिव्यांगों के लिए 400 रुपये आवेदन शुल्क

एलयू में यूजी-पीजी के आवेदन 30 तक

दाखिले की दौड़

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी और पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। अभ्यर्थी अब 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने से पहले एलयूआरएन पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

एलयू में शैक्षिक सत्र 2024-25 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल, परास्नातक और परास्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों समेत बीपीएड, एमपीएड, एमएड, बैचलर व मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह तारीख 31 मई तय की थी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज में यूजी और पीजी एडमिशन पर जाकर प्रवेश सम्बन्धित सभी सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं।

4250 स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की सीट पर दाखिले

5062 परास्नातक और परास्नातक प्रोफेशनल सीटें

- हेल्पलाइन नंबर: 0522-4150500 पर संपर्क करें



अधिकतम आवेदन शुल्क 1600 रुपये

स्नातक पाठ्यक्रम में सामान्य और ओबीसी वर्ग के लिए 800 रुपये और एससी, एसटी और दिव्यांगजनों के लिए 400 रुपये आवेदन शुल्क तय किया गया है। यूजी प्रोफेशनल पाठ्यक्रम यानी बीबीए और बीसीए के लिए सामान्य व ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों को 1000 रुपये और एससी, एसटी और दिव्यांगजनों को 500 रुपये देना होगा। वहीं डीफॉर्मा के लिए क्रमशः 1000 व 500 रुपये और बीएलएड के लिए 1600 व 800 रुपये शुल्क देय होगा।

बीए एनईपी में हर ग्रुप से एक विषय का होगा चयन

एलयू में सत्र 2024-25 से पहले बीए एनईपी में 11 ग्रुप थे। अब ग्रुप कम करके आठ कर दिया गया है। हालांकि विषयों का चयन करने में शर्तें रखी गई हैं। हर ग्रुप से एक ही विषय का चयन किया जा सकता है। मेजर के रूप में आवंटित विषय को माइनर के रूप में नहीं लिया जा सकता है। जिस ग्रुप से मेजर विषय लिए गए हैं उस ग्रुप से माइनर विषय नहीं लिया जा सकता है। सांख्यिकी विषय को माइनर के रूप में तभी लिया जाएगा, जब अभ्यर्थी ने मेजर के रूप में गणित विषय लिया हो।

ये है सीटों का ब्योरा

पाठ्यक्रम	सीटें	पाठ्यक्रम	सीटें
बीए	1350	एमपीएड	30
बीएससी बायो	280	एमबीए	640
बीएससी मैथ्स	470	आचार्य	20
बीकॉम ऑनर्स	180	लाइब्रेरी साइंस	65
बीकॉम एनईपी चार वर्षीय	450	एमकॉम	360
बीकॉम सेल्फ फाइनेंस 4 वर्ष	240	एमएससी	867
एलएलबी पांच वर्षीय	160	एलएलबी तीन वर्षीय	320
बीसीए	120	एलएलएम	60
बीबीए	300	अस्पताल प्रशासन	40
बीबीए टूरिज्म	60	जनसंख्या अध्ययन	40
डीफार्मा	60	पब्लिक हेल्थ	55
बीए/बीएससी योगा	60	पब्लिक हेल्थ (कम्यु.मेडि.)	40
बीवॉक रिन्यूवल एनर्जी	25	समाज कार्य रेगुलर	44
शास्त्री	25	समाज कार्य सेल्फ फाइनेंस	60
एमएड	30	न्यूट्रीशनल साइंसेज	30
बीपीएड	100	एमवीए या एमएफए	75
		एमटीटीएम	60

(नोट- उक्त दी गई सारणी में ईडब्ल्यूएस सीट का जिक्र नहीं है।)

फॉर्म भरते वक्त इन बातों का रखें ख्याल

- फार्म भरने के पूर्व एडमिशन वाउचर में दिए सभी निर्देश अवश्य पढ़ लें।
- अभ्यर्थी के फोटो व हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर हो।
- आरक्षण का लाभ लेना है तो प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी में हो।

PIONEER PAGE 3

एलयू में स्नातक व परास्नातक कोर्सों में प्रवेश को लेकर आवेदन 30 जून तक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातक व परास्नातक स्तर पर संचालित कोर्सों में दाखिले को लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को तिथि विस्तारित कर दी है। दाखिले के लिए अब छात्र 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

स्नातक स्तर पर दाखिले को लेकर आवेदन शुल्क 800 व 400 रुपए रखा गया है। जबकि प्रोफेशनल कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन शुल्क 1000 व 500 रुपए रखा गया है। एलयू सहित सम्बद्ध महाविद्यालयों में दाखिले के लिए छात्रों को पहले एलयूआरएन पर पंजीकरण कराना होगा। इसके उपरान्त ही छात्र परीक्षा फार्म भर पायेंगे। वहीं परास्नातक स्तर पर संचालित कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन शुल्क 1000 व 500 रुपए रखा गया है। जबकि मैनेजमेंट सहित एमएड जैसे कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन शुल्क 1600 व 800 रुपए रखा गया है। स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में लगभग 4250 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। इसके साथ ही जो महाविद्यालय केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होगें उनके महाविद्यालय की सीटों का भी प्रवेश विश्वविद्यालय के आनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की प्रक्रिया गत वर्ष की भांति ही रहेगी।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि के डा. अमरजीत को किया गया सम्मानित

लखनऊ : लवि के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक एवं कार्डिनेटर डा. अमरजीत यादव को केजीएमयू के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. आरएएस कुशवाहा ने शुक्रवार को सम्मानित किया। केजीएमयू हेल्थ योग एंड वेलनेस प्रोग्राम के सफल संचालन में डा. यादव की उल्लेखनीय भूमिका थी। (जासं)

प्रयोगात्मक परीक्षा 21 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय के बी.ए दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के रेगुलर, बैक पेपर, एक्जेम्प्टेड व छूटे हुए छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 जून को सुबह छह बजे होगी। विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर लवि के प्रांजपे मैदान में किट व फाइल के साथ उपस्थित होना होगा। विभाग के अध्यक्ष प्रो. रुपेश कुमार ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया। (जासं)

यूजी व पीजी में अब 30 जून तक आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने वढ़ाई आवेदन की तिथि

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम, परास्नातक, परास्नातक प्रबंधन सहित सभी पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन फार्म की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ा दी है। स्नातक के लिए, अंतिम तिथि 31 मई तय थी। वहीं, परास्नातक के लिए 10 जून तक समय दिया गया था।

स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में लगभग 4,250 सीटों पर प्रवेश लिए जाएंगे। जो महाविद्यालय केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होंगे, उनके यहां की सीटों का भी प्रवेश विश्वविद्यालय के आनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। बी.ए 1350, बी.एससी बायो 280, बी.एससी मैथ्स 470, बी.काम आनर्स 180, बी.काम एनईपी चार वर्षीय 450, बीकाम सेल्फ फाइनेंस एनईपी चार वर्षीय 240, एल.एल.बी इंटीग्रेटेड 160, बी.सी.ए 120, बी.बी.ए 300, बी.बी.ए टूरिज्म 60, डी.फार्म 60, बी.ए/बी.एससी योग 60, बी.वाक रिन्यूएबल एनर्जी 25, बी.वी.ए पेंटिंग रेगुलर 18 व सेल्फ फाइनेंस 14, बी.वी.ए अप्लाइड आर्ट रेगुलर 18 व सेल्फ फाइनेंस 14, बी.वी.ए स्कल्पचर रेगुलर 14, सेल्फ फाइनेंस पांच, बी.एफ.ए टेक्सटाइल डिजाइन सेल्फ फाइनेंस 10 सीटें हैं।

आवेदन शुल्क

स्नातक कोर्स : सामान्य ओबीसी : 800 रुपये, एससी, एसटी, पीएच : 400 रुपये

स्नातक प्रोफेशनल : सामान्य, ओबीसी 1000 रुपये, एससी, एसटी, पीएच : 500 रुपये

डीफार्मा : सामान्य ओबीसी : 1000 रुपये, एससी, एसटी, पीएच : 500 रुपये

बीएलएड : सामान्य ओबीसी : 1600 रुपये, एससी, एसटी, पीएच : 800 रुपये

एलएलएम, एलएलबी : सामान्य, ओबीसी- 1000, एससी- एसटी, दिव्यांग -500

एमबीए, एमटीटीएम, एमएड, एमपीएड, बीपीएड : सामान्य, ओबीसी- 1600, एससी- एसटी, दिव्यांग -800

पीजी में भी शुरू होंगे आनलाइन कोर्स : प्रो. मनुका

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग की प्रोफेसर एवं डीन रिक्रूटमेंट प्रो. मनुका खन्ना ने शुक्रवार को प्रति कुलपति पद की जिम्मेदारी संभाल ली। पूर्व प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी ने दोपहर डेढ़ बजे उन्हें कार्यभार सौंपा। लवि में पहली बार 1979 में प्रति कुलपति पद की शुरुआत हुई थी। प्रो. मनुका खन्ना पहली महिला शिक्षिका हैं, जिन्हें प्रति कुलपति बनाया गया है।

कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। कहा कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय को एकेडमिक स्तर पर आगे ले जाना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लवि की पहचान बनाने के लिए काफी प्रयास किए जाएंगे। आगामी जुलाई से शुरू होने वाले स्नातक चार वर्षीय कोर्स का सिलेबस तैयार हो गया है। एक और दो वर्षीय पीजी कोर्सों पर कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी स्नातक में आनलाइन कोर्स संचालित हैं। नए सत्र से परास्नातक स्तर पर आनलाइन कोर्स भी शुरू होंगे। इनमें एम.ए एआइएच, एम.ए पालिटिकल साइंस, एम.ए अंग्रेजी शामिल हैं ताकि जिन विद्यार्थियों को कैंपस में प्रवेश न मिल सके, उन्हें घर बैठे लवि से पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। विभाग इसकी तैयारी कर रहे हैं। प्रति कुलपति ने बताया कि आचार संहिता के खत्म होते ही शिक्षक भर्ती की रुकी प्रक्रिया फिर शुरू होगी।

लवि की प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने कार्यभार संभाला। पूर्व प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, प्रो.डीआर साहू ने उन्हें बधाई दी • सौजन्य से लवि

केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के लिए भी आवेदन 30 तक

लवि ने स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया के तहत दाखिले के लिए कालेजों को आवेदन करने की तिथि भी 30 जून तक बढ़ा दी है। जो भी कालेज इस प्रक्रिया के तहत संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना चाहते हैं उन्हें पाठ्यक्रमों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर ई-मेल entralizedadmissions2024@gmail.com से उपलब्ध कराना होगा।

i-NEXT PAGE 6

डॉ. अमरजीत को किया गया सम्मानित

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक एवं कार्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव को केजीएमयू के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. आरएएस कुशवाहा ने शुक्रवार को सम्मानित किया. केजीएमयू हेल्थ योग एंड वेलनेस प्रोग्राम के सफल संचालन में डॉ. यादव की उल्लेखनीय भूमिका थी. यूपी में योग विषय को शिक्षा एवं चिकित्सा से जोड़ने में डॉ. यादव का महत्वपूर्ण योगदान है.

डिप्लोमा की परीक्षा 14 मई को

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से डिप्लोमा प्रोफिसिएंशी इन अरेबिक की परीक्षा 14 जून को होगी. इसका समय सुबह नौ से 12 बजे तक रहेगा. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है.

प्रयोगात्मक परीक्षा 21 मई को होगी

लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय के बीए दूसरे, चौथे और छठे सेमेस्टर के रेगुलर, बैक पेपर, एग्जेम्प्टेड व छूटे हुए स्टूडेंट्स की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 जून को सुबह छह बजे होगी. विद्यार्थियों को निर्धारित समय पर एलयू के प्रांजपे मैदान में किट व फाइल के साथ उपस्थित होना होगा. विभाग के अध्यक्ष प्रो. रुपेश कुमार ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया.

11 जून से छूटे स्टूडेंट्स के प्रैक्टिकल एग्जाम

7 जून तक विभाग कार्यालय में करना होगा आवेदन

LUCKNOW (31 MAY): लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने छात्रहित में बीएससी दूसरे सेमेस्टर के छूटे एवं एग्जेम्प्टेड स्टूडेंट्स की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की समय सारिणी में संशोधन जारी किया है. न्यू कोर्स, ओल्ड कोर्स और नान एनईपी के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 11 जून को होंगी.

इसका रखें ध्यान

इस परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को सात जून तक विभाग के कार्यालय में आवेदन करना होगा. एग्जेम्प्टेड व कालेज के विद्यार्थियों को 500 रुपये आनलाइन फीस भी जमा करनी होगी. विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने इसका नोटिफिकेशन शुक्रवार को जारी किया है. परीक्षा के लिए सुबह 9.30 बजे उपस्थित होना होगा. अपने साथ दूसरे सेमेस्टर का प्रवेश पत्र, मूल फीस रसीद व मूल पहचान पत्र लेकर आना है.

18 से एमकाम प्रैक्टिकल एग्जाम

एलयू के वाणिज्य विभाग ने एमकाम दूसरे सेमेस्टर फारेन लैंग्वेज फ्रेंच की प्रयोगात्मक परीक्षा की समय सारिणी जारी की है. ग्रुप ए की परीक्षा 18 जून व ग्रुप बी की परीक्षा 19 जून को सुबह 10.30 बजे से होगी. विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने यह सूचना जारी की है.

AMRIT VICHAR PAGE 4

स्नातक और परास्नातक में प्रवेश से चूके छात्रों को एक और मौका

लविवि ने बढ़ाई आवेदन तिथि, इस वर्ष भी लागू रहेगी केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत स्नातक (यूजी), स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम, परास्नातक (पीजी) व परास्नातक प्रबंधन (पीजी मैनेजमेंट) पाठ्यक्रमों में आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। इसमें बीपीएड, एपीएड, एमएड, बैचलर आफ लाइब्रेरी सांइस और मास्टर आफ लाइब्रेरी सांइस पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

आवेदन करने के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय की वेसबाइट पर जाना होगा। जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना है, उन्हें लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा, तभी प्रवेश फॉर्म भरा जा सकेगा। यही रजिस्ट्रेशन नंबर संबद्ध महाविद्यालयों के लिए अनिवार्य होगा।

अभ्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भी देख सकते हैं। स्नातक व स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में लगभग 4,250 सीटों पर प्रवेश पूरी की जायेगी। इसमें जो महाविद्यालय केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होंगे। उनके सीटों पर भी प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। पूरी प्रक्रिया पिछले वर्ष की तरह ही रहेगी।

केन्द्रीयकृत प्रवेश के लिए कॉलेजों से मांगा ब्योरा

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों जो केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली में शामिल होना चाहते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से उनसे फीस के साथ पाठ्यक्रमों का ब्योरा मांगा गया है। जिसमें लखनऊ के साथ-साथ हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, व रायबरेली के महाविद्यालय भी शामिल हैं। इस बारे में विवि के कुलसचिव ने बताया कि केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रणाली के माध्यम के लिए पाठ्यक्रमों के विवरण सम्बन्धित सहभागिता शुल्क आरटीजीएस के माध्यम से जमा कर पाठ्यक्रमों के विवरण निर्धारित प्रारूप को ई-मेल पर 30 सितंबर तक हर हाल में उपलब्ध कराना होगा।

इस तरह से निर्धारित हैं सीटें

बीए 1350 सीटें, बीएससी (बायो) 280 सीटें, बीएससी (गणित) 470 सीटें, बीकॉम (ऑनर्स) 180 सीटें, बीकॉम (एनईपी) 4 वर्षीय कार्यक्रम 450 सीटें, बीकॉम (एसएफ) (एनईपी) 4 वर्षीय कार्यक्रम 240 सीटें, एलएलबी (एकीकृत पांच वर्ष) 160 सीटें, बीसीए 120 सीटें, बीबीए 300 सीटें, बीबीए (पर्यटन) 60 सीटें, डी फार्मा 60 सीटें, बीए बीएससी योग 60 सीटें, बीवोक (नवीकरणीय ऊर्जा) 25 सीटें, शास्त्री दृश्य कला स्नातक (पेंटिंग नियमित) 18 सीटें, (सेल्फ फाइनेंस) 14 सीटें, दृश्य कला स्नातक (एप्लाइड आर्ट) एप्लाइड आर्ट (नियमित) 18 सीटें, एप्लाइड आर्ट (सेल्फ फाइनेंस) 14 सीटें, दृश्य कला (मूर्तिकला) में स्नातक मूर्तिकला (नियमित) 14 सीटें, मूर्तिकला (स्व वित) 5 बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन में टेक्सटाइल डिजाइन (सेल्फ फाइनेंस) 10 सीटें निर्धारित हैं।

यह है ऑनलाइन आवेदन फॉर्म फीस

- परास्नातक पाठ्यक्रमों, एलएलएम और एलएलबी
  सामान्य, ओबीसी : 1000 रुपये
  एससी- एसटी, दिव्यांग : 500 रुपये
- पीजी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम : एमबीए, एमटीटीएम, एमएड, एमपीएड व बीपीएड
  सामान्य, ओबीसी : 1600 रुपये
  एससी- एसटी, दिव्यांग : 800 रुपये

आवेदकों को इन बातों का रखना होगा ध्यान

- फार्म भरने के पूर्व एडमिशन ब्रॉशर जरूर पढ़ें
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केवी अंदर हो
- हस्ताक्षर की स्कैन कापी 50 केवी अंदर हो
- आरक्षण के लाभ के लिए प्रमाणपत्र की कॉपी 50 केवी

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

तम्बाकू का उपयोग मौत का प्रमुख कारण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्व तंबाकू निषेध दिवस-2024 की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से कैसे बचाएं है। यानी तंबाकू उद्योग की दखल से बच्चों की रक्षा करना, ताकि भविष्य की

१३ से १५ वर्ष की उम्र के बच्चों में बढ़ी तंबाकू सेवन की लत

पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के इस्तेमाल में गिरावट जारी रहे। इस वर्ष तंबाकू उद्योग द्वारा युवाओं को टारगेट कर बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता बढ़ाने वाली प्रवृत्ति की ओर ध्यान दिया गया है। इसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ.सूर्यकांत विभागाध्यक्ष पल्मनोलॉजी विभाग, मेडिकल कॉलेज उपस्थित रहे। डॉ.सूर्यकांत ने बताया कि कैसे तंबाकू का सेवन भारत के युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है,जिसके परिणाम स्वरुप 13 से 15 वर्ष के बच्चों में तंबाकू सेवन का प्रचलन बढ़ा है। आपने यह भी बताया कि दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक एवं उपभोग का देश है। तंबाकू के दुष्परिणामों को बताते हुए युवाओं से आवाह्न किया कि वह तंबाकू का पूर्णता बहिष्कार करें एवं एक अच्छी जीवन शैली को स्वीकार करें। वर्तमान में युवाओं में धूम्रपान का प्रचलन बना हुआ है और कई देशों में यह लगातार बढ़ रहा है। 13 से 15 वर्ष की आयु के 38 मिलियन

से अधिक बच्चे किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल कर रहे हैं। वर्ष-2022 में 15 से 24 साल के बच्चों के बीच पॉपुलर टीवी और वेब शो में तंबाकू वाले विजुअल्स में 110 फीसदी की वृद्धि हुई, जो अक्सर धूम्रपान को ग्लैमरस और कूल के रूप में दिखाते हैं। ट्रुथ इनिशिएटिव के अनुसार, स्क्रीन पर धूम्रपान की तस्वीरें देखने पर युवाओं में स्मोकिंग शुरू करने की संभावना तीन गुना तक बढ़ जाती है। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.राकेश द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए बताया कि जिस प्रकार चिकित्सकीय क्षेत्र के विशेषज्ञ तंबाकू के सेवन से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय उपचार प्रदान कर रहे हैं, उसी प्रकार समाज कार्य विभाग एवं छात्रों को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का अनुभव करते हुए तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों को सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक उपचार प्रदान करना चाहिए एवं बच्चों तथा युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित करना होगा। थीम युवा सुरक्षा पर प्रकाश डालती है, धूम्रपान के विनाशकारी स्वास्थ्य परिणामों को याद रखना महत्वपूर्ण है। तम्बाकू का उपयोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है, जिससे प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान चली जाती है। धूम्रपान करीब हर शारीरिक प्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। तम्बाकू छोड़ने के लाभ लगभग तत्काल हैं। धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ 20 मिनट बाद आपकी हृदय गति में सुधार होता है।

आंखों को सेहतमंद रखने के बताए गुर

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्विद्यालय के योग विभाग में नेत्र शक्ति विकासक क्रिया विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जिसके मुख्य वक्ता विवेक सिंह चौहान, योग प्रशिक्षक थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। विवेक सिंह ने बताया कि नेत्र शक्ति विकासक क्रिया फर्श, कुर्सी, सोफ़ा या बिस्तर पर सीधे बैठें। दोनों हाथों को कंधे के स्तर तक फैलाकर मुट्ठियां बना लें, अंगूठे को ऊपर की ओर रखें। 10-15 सेकंड तक नजरें झुकाकर दाहिने हाथ के अंगूठे पर ध्यान केंद्रित करें। अपनी गर्दन सीधी रखें। 10-15 सेकंड रुकने के बाद अपनी नजरों को बाएं हाथ के अंगूठे पर ले जाएं। धीरे-धीरे अपनी आंखों को दायीं और बायीं ओर घुमाना शुरू करें गतिविधि को दोहराएं। 15 सेकंड दायीं ओर और 15 सेकंड बायीं ओर अभ्यास करें। इस प्रक्रिया को छह बार दोहराएं जिसमें तीन बार दाईं ओर और तीन बार बाईं ओर। नेत्र शक्ति विकासक क्रिया करने के बाद, अपनी आंखें बंद करें, आंखों मांसपेशियों को आराम दें और बदलाव महसूस करें। इस क्रिया के अभ्यास द्वारा आंखों की मांसपेशियों को मजबूत बनती है,दृष्टि में सुधार आता है, आंखों में सूखापन और कमजोरी कम करती है, आंखों की थकान दूर करती है,आंखों से संबंधित समस्याओं से बचाती है। इसके अलावा नेत्रों की ज्योति बढ़ाने के लिए त्राटक, कपालभाति एवं भास्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास भी किया जाता है। कार्यक्रम में विभाग के छात्र-छात्राएं, शिक्षक,कर्मचारी तथा आमजन उपस्थित रहे।

LOKSATYA PAGE 2

एलयू योग विभाग में नेत्र शक्ति विकास क्रिया विषय पर कार्यशाला

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्विद्यालय के योग विभाग में नेत्र शक्ति विकास क्रिया विषय पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता योग प्रशिक्षक विवेक सिंह चौहान ने बताया कि नेत्र शक्ति विकासक क्रिया फर्श, कुर्सी, सोफ़ा या बिस्तर पर सीधे बैठें। दोनों हाथों को कंधे के स्तर तक फैलाकर मुट्ठियाँ बना लें, अंगूठे को ऊपर की ओर रखें।10-15 सेकंड तक नजरें झुकाकर दाहिने हाथ के अंगूठे पर ध्यान केंद्रित करें। अपनी गर्दन सीधी रखें,10-15 सेकंड रुकने के बाद अपनी नजरों को बाएं हाथ के अंगूठे पर ले जाएं।धीरे-धीरे अपनी आंखों को दायीं और बायीं ओर घुमाना शुरू करें गतिविधि को दोहराएँ। 15 सेकंड दायीं ओर और 15 सेकंड बायीं ओर अभ्यास करें। इस प्रक्रिया को छह बार दोहराएं (तीन बार दाईं ओर और तीन बार बाईं ओर)। नेत्र शक्ति विकासक क्रिया करने के बाद, अपनी आंखें बंद करें, आंखों मांसपेशियों को आराम दें और बदलाव महसूस करें।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि में 30 जून तक भरे जायेंगे ऑनलाइन आवेदन फार्म

- लविवि में स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम, परास्नातक, परास्नातक प्रबंधकों के आवेदन के लिए घोषित की रूपरेखा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम, परास्नातक, परास्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों, बीपीएड, एमपीएड, एमएड, बीएलआईएस, एमएलआईएस के आनलाइन आवेदन फार्म की अंतिम तिथि 30.06.2024 कर दिया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों का आवेदन शुल्क स्नातक में सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 800 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व दिव्यांग 400 रुपये, स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रमों बीबीए व बीसीए का आवेदन शुल्क स्नातक प्रबंधन में सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 1000 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व दिव्यांग 500 रुपये, डीफार्मा के लिए आवेदन शुल्क स्नातक प्रबंधन में सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 1000 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व दिव्यांग 500 रुपये तय किया गया है। वहीं बीएलएड में आवदेन शुल्क में सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 1600 रुपये, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व दिव्यांग 800 रुपये है।

स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्क्रमों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में लगभग 4250 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। इसके साथ ही जो महाविद्यालय केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होगें उनके महाविद्यालय की सीटों का भी प्रवेश विश्वविद्यालय के आनलाइन माध्यम से ही किया जायेगा। केंद्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की प्रक्रिया गत वर्ष की भांति ही रहेगी।

ऐसे प्रक्रिया के चलते कर सकते हैं आवेदन: जिन अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना है उन्हें सर्वप्रथम छवफ्ठ का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा, इसके बाद ही वह अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय के आनलाइन प्रवेश फार्म को भर पायेगा। एलयूआरएन लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अनिवार्य है।

- फार्म भरने के पूर्व एडमिशन पेज पर अंकित निदेर्शों एवं यूजी एवं पीजी के एडमिशन ब्राउशर को अवश्य पढ़ लें।
- अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो।
- सिग्नेचर की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो
- यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी के अंतर्गत हो।
- अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबार फीस न जमा करे।
- किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन न. 0522-4150500 पर प्रातः 10 से सायं 6 तक संपर्क कर सकते हैं।

अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया संबंधी समस्त विवरण एवं प्रक्रिया की जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज के स्नातक एवं परास्नातक प्रोग्राम के लिंक पर जा के देख सकते है। एडमिशन फार्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लखनऊ विश्वविद्यालय का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

बीए एनईपी के सम्पूर्ण विषय ग्रुप में बटे: लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 से बीए (एनईपी) के अन्तर्गत विषय चयन के ग्रुप को पुनर्निधारित कर दिया है। बीए (एनईपी) के सम्पूर्ण विषयो को ए से एच तक के ग्रुप में बांटा गया है। कोई भी अभ्यर्थी जो लखनऊ विश्वविद्यालय या उससे सम्बद्ध महाविद्यालय में बीए (एनईपी) में प्रवेश लेता है उसे इन्ही ग्रुप में से विषय चयन करने होंगे।